मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 218 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
22 जनवरी 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



आज का मौसम
23 अधिकतम
11 न्यूनतम

# आ गए राम... मन हुआ अयोध्या, प्राण-प्रतिष्ठा का पूरा हुआ दिव्य अनुष्ठान



मोदी ने रामलला की आंखों से पट्टी खोली, हाथ में कमल का फूल लेकर पूजा की रामलला ने पहना पीतांबर

**अयोध्या, एजेंसी।** राम की जन्मनगरी अयोध्या में आज सैंकडों वर्ष के बाद आखिरकार वह प्रसंग आ गया, जब बालरूप में भगवान राम अपने मंदिर में प्रतिष्ठित हो गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विधिवत पूजन अर्चन किया। उनके साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद थीं। इस क्षण के साथ ही देश में उत्साह व उत्सव की लहर शुरू हो गई। देशभर में मंदिरों में रामभजन गूंज उठे, आतिशबाजी की गई, मिठाईयां बांटी गई। यह सिलसिला देर रात तक चलेगा और लोग दीवाली मनाएंगे।

लगभग पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद आज प्रभु राम अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजे तो पूरी अयोध्या को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चौदह जोड़े यजमान रहे। अब एक दिन बाद यानी कल 23 जनवरी से मंदिर को आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। बता दें कि मैसूर के फेमस मूर्तिकार अरुण योगीराज ने भगवान राम की ऐतिहासिक प्रतिमा बनाई है. नई 51 इंच की करीब दो सौ किलो की मूर्ति को गुरुवार को मंदिर के गर्भगृह में लाया गया था।



भोपाल के टीटी नगर हनुमान मंदिर में महाआरती की गई।

## आंसू नहीं रोक पाईं ऋतंभरा व उमा भारती, गले लगकर रोईं



जब जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होता है तो उसकी खुशी को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ जब आज राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शुमार रहीं साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख अपने आंसू नहीं रोक पाई और दोनों नेता गले लगकर खूब रोईं। दोनों की तस्वीरें सामने आई हैं।

## आडवाणी का अयोध्या जाना ऐन वक्त पर टला

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का आज नए राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होना के कार्यक्रम अत्यधिक ठंड व खराब मौसम होने की वजह से रद्द किया गया। वे 96 साल के हैं। ऐसे में उनकी सेहत को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। आरएसएस के पदाधिकारी कृष्णगोपाल, रामलाल और आलोक कुमार ने आडवाणी के घर पहुंचकर उन्हें राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का न्योता दिया था।

## राजस्थान का पत्थर, गुजरात का रथ, मंदिर में हर राज्य का योगदान

**अयोध्या, एजेंसी।** आज राम मंदिर में आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। पूरे देश में जश्न का माहौल है। पूरा देश दियों की रोशनी से जगमगा रहा है। राम मंदिर को लेकर न केवल देश के भीतर बल्कि विदेश में भी काफी उत्साह है। वहीं खास यह कि अयोध्या के राम मंदिर के लिए आम नागरिकों से लेकर विभिन्न राज्यों की तरफ से योगदान दिया गया है।

राज्यों ने जिस तरह मंदिर के लिए योगदान दिया है, उससे एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल की धारणा साफ झलकती है। राम मंदिर के निर्माण में राजस्थान के नागौर के मकराना का इस्तेमाल हुआ है। मकराना के मार्बल से ही राम मंदिर के गर्भगृह में सिंहासन बनाया गया है। इस सिंहासन पर भगवान राज विराजे हैं। भगवान श्रीराम के सिंहासन पर सोने की परत चढ़ाई गई है। गर्भगृह और फर्श में मकराना का सफेद मार्बल लगा है। मंदिर के पिलर को बनाने में भी मकराना मार्बल का इस्तेमाल हुआ है।

मंदिर में देवताओं की नक्काशी कर्नाटक के चर्मोथी बलुआ पत्थर पर की गई है। प्रवेश द्वार की भव्य आकृतियों में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। गुजरात की तरफ से 2100 किलोग्राम की अस्तधातु घंटी दी गई है। गुजरात के अखिल भारतीय दरबार समाज द्वारा 700 किलोग्राम का रथ भी उपहार स्वरूप दिया गया है।अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा ने नक्काशीदार लकड़ी के दरवाजे और हाथों से बनीं फैब्रिक्स आई हैं।

हालांकि किस राज्य ने क्या दिया की लिस्ट के तहत पीतल के बर्तन उत्तर प्रदेश से आए हैं। जबकि पॉलिश की हुई सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र से आई है। मंदिर निर्माण के लिए इस्तेमाल ईंट करीब 5 लाख गांवों से आई थीं. मंदिर के निर्माण की कहानी अब अनगिनत शिल्पकारों और कारीगरों की कहानी है।

## राहुल को मंदिर जाने से रोका, अफसरों से हुई झड़प, सीएम ने किया था मना

### असम में हुआ टकराव

**गुवाहाटी, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में मंदिर दर्शन की अनुमति नहीं दिये जाने का आरोप लगाया है। वे आज नगांव जिले में है। जहां वैष्णव संत शंकरदेव का जन्मस्थान भी है। राहुल का आज वैष्णव संत शंकरदेव के जन्मस्थान बर्दोवा थान जाने का कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने पहले इजाजत दी थी लेकिन अब उन्हें मंदिर जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि मैं यहां हूं और सिर्फ हाथ जोड़ने के लिए जाना चाहता हूं। बिना प्रधानमंत्री का नाम लिये उन्होंने तंज किया कि लगता है आज सिर्फ एक आदमी को मंदिर जाने की इजाजत है। बताया जाता है कि मंदिर जाने के लिए निकले राहुल गांधी की पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से बहस भी हुई। अधिकारियों की ओर से राहुल गांधी को यह भी बताया गया कि हमारे पास ऑर्डर्स हैं। राहुल ने यह पूछा कि मैंने क्या गलती की है जो मैं मंदिर नहीं जा सकता? मगर प्रशासन ने राहुल गांधी को बोर्दोवा थान जाने की इजाजत नहीं दी। इसके



बाद विरोध में राहुल गांधी विरोध में उसी जगह बैठ गए जहां प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका था, बाद में स्थानीय सांसद और विधायकों को शंकरदेव के मठ जाने की इजाजत दे दी गई मगर राहुल को जाने की इजाजत नहीं दी गई है।

खास बात यह कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा ने एक दिन पहले ही कहा था कि राहुल गांधी को बोर्दोवा थान में शंकरदेव की जन्मस्थली पर जाने से बचना चाहिए, राम और सूबे के एक आदर्श के रूप में स्थापित मध्यकाल के वैष्णव संत के बीच कोई स्पर्धा नहीं हो सकती।

## सीएम यादव ने की मंदिर की सफाई, फिर पहुंचे ओरछा



**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर भोपाल में तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्रीसिद्ध रघुनाथ मंदिर में सफाई कर तथा पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश और दुनिया राममई हो गई है। इंग्लैंड की संसद का दृश्य देखते ही बनता है, इसके बाद पूजा अनुष्ठान के लिये यादव ओरछा पहुंचे और रामराजा मंदिर में पूजा की तथा अयोध्या के समारोह का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। इससे पहले ओरछा पहुंचने पर महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

## 700 साल की मानसिक गुलामी से मुक्ति का दिन

आज का दिन सिर्फ रामलला के अयोध्या में विराजित होने का दिन नहीं है। यह देश के सनातनी हिंदुओं की सात सौ साल की मानसिक गुलामी से मुक्ति का दिन भी है। यह उन



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

सनातनियों के आत्मगौरव के पुनरुत्थान का भी दिन है। यह राम औप कृष्ण का वह देश रहा है जिसे शास्त्र और शस्त्र की भाषा पढ़ाई गई थी। जिसमें पहले शास्त्र सम्मत बात करके बहस होती थी और इस पर सहमति नहीं होने पर शस्त्र से बात की जाती थी। लेकिन जैसे ही कालांतर में अहिंसा परमोधर्म, धर्म हिंसा तदैव च यानि अहिंसा हमारा परम धर्म है लेकिन धर्म की रक्षा के लिए हिंसा जायज वाली बात की जगह अहिंसा परमोधर्म वाली बात आगे बढ़ा दी गई वैसे ही आस पड़ोस के देशों ने हम पर आक्रमण शुरू कर दिए। देश को गुलामी की मानसिकता के साथ जीने को मजबूर कर दिया। गुलामी देश के हिंदुओं की अंर्तचेतना में इस कदर ग्रस्त हो गई कि जिसे भी सत्ता मिलती उस पर शासक का अहंकार होने लगता।



सनातनियों के इस बदले हुए भाव के चलते ही राम-कृष्ण और सोमनाथ-विश्वनाथ के इस देश पर आताताईयों ने कब्जा कर डाला। देश ने मुस्लिम शासकों से लेकर अंग्रेजों और पुर्तगालियों की गुलामी को सहा। देश की संस्कृति पर अनवरत हमले झेले। बड़ी तादाद में हिंदुओं ने धर्मांतरण के प्रहार को सहा। लेकिन सम्राट अशोक के हृदय परिवर्तन के बाद से लेकर चंद्रगुप्त जैसे शासकों के बाद भारत में सनातनी चेतना लौटी है। इसीलिए रामलला के मंदिर के जीर्णोद्धार से लेकर उसमें भगवान राम की प्रतिमा स्थापना इसका प्रतीक बन गई है। सनातनी भाव और हिंदुत्व की चेतना ऊफान पर है। गैर वामपंथी हिंदुओं से लेकर सुलझे विचार वाले मुसलमान सहित अन्य संप्रदाय के लोग तक इसी के चलते इस क्षण को सकारात्मकता के साथ जी रहे हैं।

भारतीय दार्शनिक शास्त्री ही नहीं विदेशी चिंतकों की बातें भी आज जमीन पर साकार होते दिख रही हैं। मसलन लियो टालस्टाय ने कहा था कि हिदुत्व और और हिंदु एक दिन अपने ज्ञान और बुद्धिमत्ता के दम पर विश्व पर राज करेंगे। हर्बट वेल्स ने कहा था कि कई पीढियां हिंसा और अत्याचार झेलेंगी जब तक कि हिदुत्व को अच्छी तरह से नहीं समझा जा सकेगा। लेकिन एक दिन ऐसा जरूर आएगा जब लोग इसे समझेंगे और हिंदुत्व जीवन को शांतिपूर्ण तरीके से जीने को प्रेरित करेगा। अलबर्ट आईंस्टीन ने कहा था कि हिंदुत्व में शांति लाने की शक्ति है। हाऊस्टन स्मिथ ने 1919 में कहा कि अगर हम अपने विचार हिंदुत्व की तरफ बदलें तो यह हमारे लिए फायदेमंद होगा। मिचेल नास्त्रोदमस से लेकर वर्नाड कोस्टा सोहाव लोबान और जोहान कीथै से चिंतक हिंदुत्व को लेकर सकारात्मक विचार रख चुके हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो राम लला की प्रतिमा की स्थापना सनातन धर्म और हिंदुत्व को सात सौ साल की गुलामी से मुक्ति के पर्व के बतौर देखा जाना चाहिए। हिंदुत्व या सनातन धर्मियों ने यदि दूसरे धर्मो को अपनी आजादी के साथ जीने की सीख दी है तो यह उसे भी मिलना चाहिए। सही मायनों में देखा जाए तो भारत एक धर्म निरपेक्ष देश कभी नहीं रहा इसने धर्म सापेक्षता के साथ जीना और सभी को इसके साथ जीने देना सीखा और सिखाया है।

## बॉलीवुड का राम को प्रणाम पीएम ने बनाया वीडियो



**अयोध्या।** राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए फिल्म जगत के कई सितारे भी आज यहां मौजूद रहे। अमिताभ बच्चन यहां अपने अभिनेता बेटे अभिषेक व उद्योगपति अनिल अंबानी के साथ पहुंचे। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, विक्की कौशल और राजकुमार हिरानी श्री राम मंदिर परिसर पहुंचे। वहीं, अयोध्या पहुंचे अभिनेता जैकी श्रॉफ ने कहा कि भगवान ने हमें यहां बुलाया यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।÷दक्षिण के सुपरस्टार रजनीकांत, रामचरण आदि भी यहां मौजूद रहे। वहीं प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के हवाई दृश्य भी चर्चा में रहा। दरअसल पीएम मोदी ने हेलिकॉप्टर से यहां आते वक्त अयोध्या का आसमान से वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।



गणतंत्र दिवस की तैयारी

# दिल्ली में मप्र-छग निदेशालय के 9 में से 5 फाईनल इंटरव्यू के लिए चयनित

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नई दिल्ली के डी.जी. एनसीसी कैम्प में गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां चल रही है। इसमे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के कैडेट अपनी पूरी श्रमता और परिश्रम के साथ हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष मप्र-छग निदेशालय के 9 में से 5 कैडेट फाईनल इंटरव्यू के लिये चुने गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कैम्प की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बेस्ट कैडेट का चयन होता है, जिसको प्रधानमंत्री द्वारा पदक दिया जाता है। राज्य निदेशालय का नेतृत्व करने वाले सभी कैडेटों को कठिन चयन प्रकिया से गुजरना पड़ता है और फायरिंग, ड्रिल, लिखित परीक्षा, पब्लिक स्पीकिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट इत्यादि जैसे कठिन सिलेक्शन पार करना पड़ता है। पूरे मप्र-छग निदेशालय से 9 कैडेटों का चयन हुआ। इन राज्य निदेशालयों के कैडेटों की उसके बाद दिल्ली में फिर से स्पर्धा होती है और अंत में इन में से कुछ ही डी0जी0 एनसीसी के फाईनल इंटरव्यू तक पहुंचते हैं।

# रेलयात्री अब यूटीएस ऑन मोबाइल एप में आर वॉलेट से भुगतान कर खरीद सकेंगे अनारक्षित टिकट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।




रानी कमलापति और भोपाल रेलवे स्टेशन समेत मंडल के सभी स्टेशनों पर एटीवीएम मशीन लगी हुई है जिनके माध्यम से यात्री यूटीएस आन मोबाइल एप की मदद से आसानी से जनरल के रेल टिकट खरीद पा रहे हैं। इन टिकटों के भुगतान के लिए रेलवे ने आर वॉलेट के विकल्प को जोड़ दिया है। अब यात्री आर वॉलेट के माध्यम से एटीवीएम मशीनों से खरीदे जाने वाले टिकटों का भुगतान कर सकेंगे। आर वॉलेट को रिचार्ज करने पर रेलवे ऐसे यात्रियों को 3त्र बोनस का लाभ भी दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि अनारक्षित टिकट यात्रियों की सुविधा एवं कैश लेस भुगतान को बढ़ावा देने के लिये भोपाल रेल मंडल द्वारा मंडल के भोपाल स्टेशन सहित अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्राप्त करने के लिये एटीवीएम मशीनें लगाई गई हैं। अभी तक इन मशीनों के माध्यम से यात्री डिजिटल माध्यमों (यूपीआई-क्यूआर कोड एवं रेलवे स्मार्ट कार्ड) से भुगतान कर अनारक्षित टिकट प्राप्त कर पा रहे थे, अब इसमें टिकट भुगतान के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में मौजूद आर-वालेट का विकल्प भी जोड़ दिया गए है। आर-वालेट के उपयोग से भुगतान जल्दी होता है एवं इसको रिचार्ज करने पर 3त्र का बोनस भी मिलता है। आर-वालेट को बंद करने की स्थिति में जमा धन की वापसी टिकट काउंटर से तुरंत केश के रूप में प्राप्त किया जा सकता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया ने अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वह अनारक्षित टिकट खरीदने के लिए ज्यादा से ज्यादा एटीवीएम मशीनों में टिकट के भुगतान के लिए आर-वालेट का उपयोग करें। इस सुविधा का उपयोग करने से यात्री को अपने पास नगद राशि रखने एवं लाइन में लगने की झंझट से मुक्ति मिलने के साथ 3 प्रतिशत बोनस भी मिलेगा। इससे देश में शुरू की गई डिजिटल इंडिया अभियान की परिकल्पना को बल मिलेगा।

स्कूली शिक्षा : परीक्षा पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी रोकने जिला कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# जालसाजों से बच्चों को बचाने चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**प्रदेश में फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही अब बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाएँ जाने के विरूद्ध स्कूल शिक्षा विभाग अभियान शुरू कर दिया है। इन गतिविधियों के रोकने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाने का प्रयास कर रहा है। विभाग ने जिला कलेक्टर्स को स्कूल शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किए है। इस अभियान में शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए है।**

## धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय

आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते है। यह ग्रुप झूटी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते है। कई ग्रुप पैसों की मांग करते है और विद्यार्थियों को फर्जी पेपर उपलब्ध कराते है। इसके अलावा यह ग्रुप विद्यार्थियों को विभिन्न गेमिंग और अन्य हानिकारक सामग्री उपलब्ध कराने वाले एप्स से भी जोड़ देते है। इस वजह से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आर्थिक हानि होने के साथ मानसिक तकलीफ का भी सामना करना पड़ता है। यह ग्रुप जालसाजी करके विद्यार्थियों से यूपीआई डिटेल्स भी प्राप्त कर लेते है और ब्लेकमेल भी करते है।




## तत्काल सूचना देने की अपील

स्कूल शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि उनके साथ इस तरह के कोई भी प्रस्ताव सोशल मीडिया एवं अन्य साधनों से प्राप्त होते है तो उन पर विश्वास न करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में इसकी जानकारी दें। इन सोशल ग्रुप के खिलाफ पुलिस के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जायेगी। विभाग ने सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूल से इस मामले में सजग रहने के लिये कहा है। स्कूल प्रबंधकों से कहा गया है कि इस बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया जायें।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने भी की अपील

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पूर्व में इस तरह की घटनाओं को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मण्डल और स्कूल शिक्षा के विभागीय अधिकारियों को हाल ही में ली गई बैठक में जन जागरूकता चलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने मण्डल के अधिकारियों से कहा था कि पेपर लीक के मामले में पाए गए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएँ। उन्होंने कहा कि विभाग अब पेपर लीक करने वाले और भ्रामक स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से इसकी लगातार समीक्षा करने और उन्हें अवगत कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये है।

भजनों पर अनुयायियों के साथ थिरके साईं

# संबोधि में मना लाल साईं का जन्मोत्सव

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

वन ट्री हिल्स टैंपल ऑफ संबोधि में वेदांत संत लाल साई का 54 वां जन्मोत्सव मनाया गया। साई के अनुयायियों ने उत्सवी माहौल में बधाई दी। भजनों पर साई और अनुयायी जमकर नाचे। गोविंदा-गोविंदा भजन से संबोधि भक्ति के रंग से सरोबार हो गई है।

लालसाई ने कहा, प्रभु अयोध्या में अपने भव्य धाम में पहुंच गए है। हर पल प्रभु की मर्जी से घटित हुआ है, जो उत्सव और आनंद के पल देश को मिल रहे है, वह भी प्रभु की मर्जी है। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने लालसाई को बधाई दी। श्रीरामलला उत्सव में दीपक जलाए गए एवं आतिशबाजी की गई।

संतनगर की सामाजिक, व्यापरिक एवं बड़ी संख्या में विशिष्ठजनों ने हिस्सा लिया।



## संगीतमय सुंदर कांड पाठ दीपोत्सव मनाया बच्चों ने

**हिरदाराम नगर।** एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स परिसर में संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। यह आयोजन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर किया गया। सुंदर कांड में विधायक रामेश्वर शर्मा ने हिस्सा लिया। स्कूली बच्चों के साथ नृत्य भी किया। पूरा स्कूल परिसर राममय हो गया था। आतिशबाजी भी की गई। संगीतमय सुन्दरकाण्ड में समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, आयल साधवानी, पुरषोत्तम पारवानी, थांवर वरलानी एवं राम बंसल, राहुल राजपूत, कुलदीप खरे,योगेश वासवानी, बसंत चेलानी के साथ संतनगर एवं गांधीनगर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। संस्था परिवार की ओर से रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी एवं नीलेश हिंगोरानी ने अतिथियों का गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया।टोि-सुंदर कांड पाठ।

समाज और राष्ट्र के गौरव थे हेमू कालाणी: रामेश्वर

# शहीद हेमू कालाणी को याद किया सिंधी समाज ने

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत ने शहीद हेमू कालाणी का 81वां शहादत दिवस मनाया गया। पंचायत ने शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम स्थित हेमू कालाणी की आदमकद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हेमू कालाणी को समाज और राष्ट्र का गौरव थे। उन्होंने हंसते-हंसते देश की आजादी के लिए मात्र 19 वर्ष की आयु में कुर्बानी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि हेमू कालाणी की शहादत से प्रेरणा लेना चाहिए। ताकि हमारा भारत देश और शक्तिशाली बने। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने हेमू कालाणी के व्यक्तित्व एवं आजादी के लिए दी कुर्बानी पर विस्तार से प्रकाश डाला। एमआईसी सदस्य पार्षद अशोक मारण ने भी हेमू कालाणी के जीवन पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी ने किया।

इसके अतिरिक्त बस स्टेण्ड्ए फायर बिग्रेड के समीप व नगर निगम कार्यालय के समीप झूलेलाल मंदिर स्थित हेमू कालाणी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा से फूल चढ़ाए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो मे प्रमुख नंद कुमार दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, राम बसंल सहित सैकडों लोग मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## गंगवानी की पुण्य तिथि पर सेवा कार्य किए

हिरदाराम नगर। श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने मास्टर टहलराम गंगवानी की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य किए। उनके पुत्र शम्मी गंगवानी के सौजन्य से बच्चों को कापियां, पेन-पेंसिल वितरित की गईं। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के महेश गुरबानी, शम्मी गंगवानी, भावना उदासी, मुकेश उदासी, मुकेश आहूजा, वंश उदासी सुमित पंजवानी, रवि आसुदानी, रमेश गंगवानी गोपीचंद उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश उदासी ने किया तथा आभार रवि आसुदानी ने व्यक्त किया।

मेट्रो एंकर

अयोध्या की 500 वर्षों की संघर्ष गाथा देखी, आतिशबाजी हुई, आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, सुंदर कांड हुए

# संतनगर में श्रीराम उत्सव का उल्लास बिखरा

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव संतनगर में मनाया जा रहा है। रविवार को मातृ भूमि संस्था ने प्राण प्रतिष्ठा दिव की पूर्व बेला में अयोध्या की 500 वर्षों की संघर्ष गाथा बड़ी स्क्रीन पर दिखाई। दीप जलाए और आतिशबाजी की। सोमवार यानी 22 जनवरी को संतनगर के हर घर-प्रतिष्ठान रोशनी से नहाएंगे। भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। समूचा नगर भगवा झंडों से सजा हुआ है।

उपनगर के चंचल चौराहे पर मातृभूमि संस्था के राहुल राजपूत ने कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रीराम मंदिर के साकार होने की पूरी कहानी अयोध्या के संघर्ष के 500 साल की गाथा दिखाई। इस अवसर पर विधायक रामेश्चर ने कहा, समूचा देश राम मय है। यह अवसर के लिए हमने कुर्बानियां दी है। मुगलों से लड़े, अंग्रेजों से लड़े, अपनो से भी लड़े। 22 जनवरी को सरयू के तट पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। अवसर को समूचा देश दीपावली की तरह मनाएगा। हर घर रोशनी से नहाना चाहिए। दीपों से रोशन होना चाहिए, हम सौभाग्य शाली है जो दिन हमे देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




**रामपाठ, रामनाम का शुभारंभ :** वार्ड पांच के बूढ़ाखेड़ा में राम पाठ एवं राम नाम का शुभारंभ पार्षद अशोक मारण ने किया। इस अवसर पर पंडित चंद्रभान उपाध्याय ने विधिवत रुप एवं मंत्र उच्चारण से पाठ प्रारंभ किया। 22 जनवरी को मुख्य चौराहे गांधी प्रतिमा के पास शाम को 51 दीप जलाकर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मनाई जाएगी। संतनगर में निकलने वाली शोभा यात्रा का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स्वागत करेगी।

## भव्य शोभा यात्रा निकलेगी

शोभायात्रा समिति के मीडिया प्रभारी राजेश बेलानी ने बताया की शोभायात्रा का नेतृत्व विधायक रामेश्वर शर्मा करेंगे। वेदांत संत श्री लालसांई के सानिध्य में शोभायात्रा निकलेगी। शोभा यात्रा की शुरूआत भगवान श्रीराम का टीका और आरती कर संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी करेंगे। 11 बग्गियों में नगर के संत और उनके शिष्य बिराजेंगे। शोभायात्रा में सिंधी समाज के साथ, वाल्मीकि समाज, जैन समाज, मांझी समाज भी उत्साह के साथ शामिल होगा। राम भक्त रामधुन पर नाचते हुए चलेंगे। शोभायात्रा जैन मंदिर से आरंभ होकर काली माता मंदिर से मुड़कर के शिव मंदिर रोड पर समाप्त होगी। उसके बाद रामभक्त संत हिरदाराम जी कुटिया जाकर माथा टेकेंगे।

**सुंदरकांड एवं आम भंडारा :** संतनगर बी वार्ड ओल्ड मोहल्ला समिति सुबह 9.30 बजे से श्री सुंदकांड का पाठ करेगी, जो राजकुमार गर्ग एवं कमलेश देवानी के सानिध्य में किया जाएगा। इसके बाद हनुमान चालीसा, श्री राम स्तुति एवं हनुमानजी की आरती की जाएगी। दोपहर 12 बजे से आम भंडारा होगा। आतिशबाजी होगी। कन्याएं, प्रभु श्री रामजी की आगमन पर नृत्य करेंगी।


गूंजा हर हृदय में सांस्कृतिक नवजागरण का संदेश
प्रभु श्रीराम के स्वागत में प्रफुल्लित, श्रद्धावनत मध्यप्रदेश
दीर्घ प्रतीक्षित शुभ दिन से साक्षात्कार आज
श्री रामलला की जन्मभूमि अयोध्या के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में
प्राण-प्रतिष्ठा
अपराह्न 12:20 बजे
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रभु श्रीराम की तपोभूमि मध्यप्रदेश की ओर से हर भारतवासी को
अनंत शुभकामनाएं
इस दुर्लभ ऐतिहासिक अवसर पर आइए
घर-घर दीप जलायें, राम धुन गाएं
प्राण-प्रतिष्ठा के सजीव प्रसारण के जरिए
प्रभु श्रीराम के दर्शन का लाभ उठाएं
"आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूरा देश भक्तिभाव में सराबोर है। आइए, हम सब मिलकर आज के दिन को अमर बनाएं। सांस्कृतिक अभ्युदय का उत्सव मनाएं"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
D-11176/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

### सुविचार

हर किसी के पास दिन में 24 घंटे ही होते है, अगर आप कुछ करना चाहते है तो पहले इसका सही उपयोग कीजिये।

– अज्ञात

## संपादकीय

# आस्था और भविष्य

अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही एक नया अध्याय भी शुरू हुआ और विवाद व तनाव जैसा पुराना अध्याय का पटाक्षेप भी हुआ। इस कार्यक्रम ने जितना व्यापक रूप ले लिया वह शायद ही किसी को कल्पना रही हो। यह सही है कि देश के हिंदू समाज का बड़ा हिस्सा इस घड़ी का लंबे समय से इंतजार कर रहा था, लेकिन फिर भी इसे लेकर जिस तरह का माहौल बना है, उसे असाधारण ही नहीं, अभूतपूर्व कहा जा सकता है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह तो यह है कि मंदिर निर्माण को लेकर देश में पूरी तरह से सर्वसम्मति है। जो भी किंतु-परंतु थे, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद समाप्त हो गए। देश के तमाम राजनीतिक दल इस मसले पर साथ खड़े दिख रहे हैं। जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो रहे, वे भी इसका विरोध नहीं कर रहे, किसी न किसी तरह से समर्थन ही जता रहे हैं। मंदिर निर्माण की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े संगठनों ने इस काम में किसी तरह की खेमेबाजी को आड़े नहीं आने दिया। हिंदुत्व से जुड़े तमाम पंथों, समूहों, संप्रदायों को खुले दिल से इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। आबादी के बड़े से बड़े हिस्से को सांकेतिक रूप में ही सही, पर इस प्रक्रिया में शामिल करने के विशेष प्रयास किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि व लोकप्रियता का भी इस पूरी प्रक्रिया पर साफ असर देखा जा सकता है। अगर अतीत में पहले कभी इस तरह का परिदृश्य नहीं दिखा तो उसकी एक वजह संचार के वे नए-नए साधन भी हैं जो अब विज्ञान ने मुहैया कराए हैं। टीवी चैनल ही नहीं, सोशल मीडिया की मौजूदगी, हर हाथ में स्मार्टफोन और इंटरनेट तक आसान पहुंच की इसमें बड़ी भूमिका रही है। इस पूरे अभियान की सबसे अच्छी बात यह है कि यह किसी के खिलाफ नहीं है। इसमें किसी भी पंथ, संप्रदाय या समूह के लिए नफरत नहीं दिख रही है,यही पाजिटिव नजरिया आगे भी सदा के लिये कायम रहना जरूरी है। हालांकि सवाल है कि पॉजिटिविटी और उत्साह भरे इस माहौल में सबकुछ सिर्फ अच्छा ही अच्छा है या इसमें कुछ ऐसा भी है जिससे सावधान रहने की जरूरत है। दरअसल तात्कालिक तौर पर भले सब ठीक लग रहा हो लेकिन यह भी ध्यान रखा जाना चाहिये कि एक समूह की आस्था का सैलाब या जुनून देश और समाज के लिए समस्या पैदा न करे। सभी का अपना दायरा बना रहे और समभाव भी कायम रहे। एक तो शासन और धर्म के बीच सम्मानजनक दूरी बनाए रखने की जो भावना संविधान में प्रतिष्ठित की गई है, वह कमजोर न पड़े। देशवासियों के जीवन की बुनियादी जरूरतों से जुड़े मसलों सबसे उपर रहे और इनके हल होने के प्रयास बाकी प्रयासों से ज्यादा तेज रहें।

## कविता

### आज सदन को राम मिलेंगे

**रहे विराजित हर मौसम में,बरसों साये में त्रिपाल के,**
**आज राम को सदन नहीं हां, आज सदन को राम मिलेंगे।।**
रोम रोम पुलकित जन जन का,नेह नीर तिरता हर दृग में.
लिक्खा गमन अयोध्या जी का, हर तन,मन,हर पग में, मग में.
हिंद न केवल,कीर्तिपताका फहराई है सारे जग में.
प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से पहुंचे कलि से त्रेता युग में.
**सदियाँ पांच विरह में बीतीं,अब नियमित, अविराम मिलेंगे।**
**आज राम को सदन नहीं हां आज सदन को राम मिलेंगे।।**
कष्ट निवारण को भक्तों के, तत्पर आठों याम मिलेंगे।।
आज राम को सदन नहीं हां आज सदन को राम मिलेंगे।।
**कितने फेरे विधि विधान के, कितनी चालें कुटिल सियासी.**
**गृह न बने बस रामलला का, लल्ला बने रहें वनवासी.**
**लेकर के संकल्प चले थे अनगिन राम दास अरु दासी.**
**मूर्त रुप पाकर मंदिर का, धन्य हुए साकेत निवासी.**
स्वाति मिले चातक को जैसे मीरा को घनश्याम मिलेंगे।।
आज राम को सदन नहीं हां, आज सदन को राम मिलेंगे।।

**रत्नदीप खरे**

## आज का इतिहास

- **2015** - उक्रेन के दोनेत्स्क में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत।
- **2009**- फ़िल्म स्लमडॉग मिलेनियर का ऑस्कर के लिए नामांकन हुआ। सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी आधार वाली तीन बंदरगाह परियोजनाओं को मंजूदी दी।
- **2008**- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता लालकृष्ण आडवाणी को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान भावी प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।
- **पाकिस्तान** के दक्षिणी वजीरिस्तान में लाक्या क़िले पर आतंकवादियों के हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गये।
- **2006** - श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिट्टे से बातचीत की पेशकश की।
- **इवा** मोराल्स ने बोलीविया के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- **2002** - फ़िलिस्तीनी शहर तुल्कोरम पर इस्रायल का कब्ज़ा, अफ़ग़ानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए टोकियो में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की बैठक में 3.5 अरब डॉलर की मदद की घोषणा।
- **1998** - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेविंस्की ने अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया।
- **1996** - कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
- **1970** - बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।
- **1993** - इंडियन एयरलांइस का विमान औरंगाबाद मे दुर्घटनाग्रस्त, 61 यात्रियों की मौत।
- **1981** - रोनाल्ड रीगन का सं.रा. अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- **1963** - देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
- **1924** - रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।
- **1905** - रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर गोलियां चलाई गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे।
- **1837** - दक्षिणी सीरिया में भूकंप से हजारों लोग मरे।

# देश के स्वाभिमान की पुनर्स्थापना है श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**डॉ. मोहन यादव**



**राम राज बैठें त्रैलोका।**
**हरषित भए गए सब सोका।।**

आज सौभाग्य का पावन अवसर है। सैकड़ों वर्षों बाद यह शुभ घड़ी आई हैण्णअयोध्या में अपने जन्मस्थान पर रामलला विराजमान हो रहे हैं। पूरे संसार के सनातनी हर्षितए आनंदितऔर प्रफुल्लितहैं। समूचे विश्व में जयश्रीराम गुंजायमान है। हम सभीसौभाग्यशाली हैं कि हमें यह सुखद दृश्यदेखने का अवसर मिला है।श्रीरामजी की गरिमा के अनुरूप मंदिर निर्माण के लिये पीढ़ियों ने पांच सौ वर्ष तक संघर्ष किया इसमें अनगिनत बलिदान हुए।

राम मंदिर हमारी संस्कृतिए हमारी आस्थाए राष्ट्रीयत्व और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। यह सनातन समाज के संकल्पए संघर्ष और जिजीविषा का ही परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर निर्माण का सपना साकार हो रहा है। यह उमंग और उत्सव का अवसर हैएसमूचा समाजउल्लास के साथ खुशियां मना रहा है।

राजा राम प्रत्येक भारतीय और विश्व में व्याप्त सनातनियों के आदर्श हैं। वे सत्यनिष्ठा के प्रतीकए सदाचरण और आदर्श पुरुष के साकार रूप मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम जन्मस्थान मंदिर निर्माण के हर्षोल्लास के साथ हमें भगवान राम के जीवन से प्रेरणा भी लेनी चाहिए।कर्तव्यपथ पर प्रतिबद्ध श्रीराम के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे सबके थे और सबको साथ लेकर चलते थे। सबका विश्वास अर्जित करने के लिये अपने सुखों का भी त्याग कर देते थे। वे जितने वीर थेए मेधावी थे उतने ही सहनशील भी। उन्होंने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थिति कभी उन्हें विचलित नहीं कर सकती थीं।

प्रजावत्सल राजा राम के लिये न्याय और राजधर्म सर्वोपरि था। इन्हींअद्भुत विशिष्टताओं के कारण श्रीराम को आदर्श राजा कहा जाता है। उनकी राज व्यवस्था में न कोई छोटा था न कोई बड़ा थाएसभी समान सम्मान के अधिकारी थे। सबको उनकी योग्यताए क्षमता और मेधा के अनुसार काम के अवसर प्राप्त थे। भेदभाव रहित समाज व्यवस्था के लिए रामराज्य का उदाहरण दिया जाता है।

रामराज्य में प्रजा की सुखद स्थिति का रामचरित मानस के उत्तरकांड मेंउल्लेख है.ष्दैहिक दैविक भौतिक तापाएराम राज नहिं काहुहि ब्यापा।ष्अर्थात् रामराज्य मेंशासन व्यवस्था इतनी आदर्श थी कि प्रजा समृद्धए रोग रहित और आपदा रहित थी।

राष्ट्र के सांस्कृतिक एकत्व के लिए श्रीराम जी ने उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया। वे अपना वनवासकाल पूर्ण करके लंका से सीधे अयोध्या नहीं आये। वे उन सभी स्थानों पर गये जो उनका वन गमन मार्ग था। लौटते समय निषादए किरातए केवट और वनवासी समाज के सभी प्रमुख बंधुओं को अपने साथ लाये थे। अपने राजकाल में



श्रीरामजी ने एक.एक व्यक्ति का विश्वास अर्जित किया और उन्हें संगठित किया। उनका पूरा जीवन राष्ट्र और समाज के लिये समर्पित रहा।हमें ऐसेही राष्ट्र का निर्माण करना है।

लगभगपांच सौ वर्षों की दीर्घ प्रतीक्षा और धैर्य के बाद रामलला पूर्व प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आ रहे हैं। यह प्रगति और परंपरा का उत्सव है। इसमें विकास की भव्यता और विरासत की दिव्यता है। यही भव्यता और दिव्यता हमें प्रगति पथ पर आगे ले जाएगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प के साथ समाज के संघर्ष और आत्मशक्ति का परिणाम है कि आज रामलला विराजमान हो रहे हैं।प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि ष्जब अयोध्या में प्रभु राम विराजमान होंए तब हर घर में श्रीराम ज्योति जलाएंए दीपावली मनाएं।ष्रामलला की प्राण.प्रतिष्ठा अवसर परहमने प्रदेश के शहरों और ग्रामों में रोशनी और दीप जलाने की तैयारी की है।प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा सप्ताह मनाया जा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने भव्य राम मंदिर निर्माण के निमित्त एक सप्ताह तक देश के सभी मंदिरों तथा तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है। हमने मध्यप्रदेश में स्वच्छता से स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से समृद्धि के लिए सभी तीर्थ स्थलोंए मंदिरों तथा नदियों में स्वच्छता अभियान चलाया है। प्रभु श्रीराम ने वनवासकाल के लगभग 11 वर्ष चित्रकूट में व्यतीत किये हैं। हमने तीर्थ स्थल चित्रकूट सहित रामवन पथ गमन मार्ग के 1450 किलोमीटर के 23 प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास करने का निर्णय लिया है। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ.साथ धार्मिक चेतनाए आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जाएगा।भगवान कामतानाथ के परिक्रमा पथ का निर्माण कार्य भी शीघ्रप्रारंभ होगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण.प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक क्षणहम सभी के लिये प्रेरणा का अवसर है। भारतके सांस्कृतिक वैभव और समृद्धिके इस पावनकाल में यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने देश को आत्मनिर्भर और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया हैए हम इस संकल्प की सिद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत को यदि सशक्त औरविकसित राष्ट्रों की पंक्ति में अग्रणी बनाना हैए तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा किसमाज संगठित रहेए समरस रहेए एकजुट रहे और प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बने। यदि भारत राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना हैए तो पूरे समाज को आत्मनिर्भर बनना होगाए तभी रामराज्य की कल्पना सार्थक हो सकेगी।

आज रामलला अपने जन्म स्थल पर विराजमान हो रहे हैं इस सुमंगल अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाईण्ण।

**लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।**

# राम-रीति से बन रहा नया भारत

**विष्णुदत्त शर्मा**



बचपन से ही घर के बड़े-बुजुर्गों से प्रभु श्रीराम लला की कीर्ति, शौर्य और प्रभुता की बातें सुनता रहता था। युवा अवस्था के प्रारंभ में बताया गया कि आक्रांताओं ने अयोध्या में आक्रमण करके भगवान श्रीराम जन्मभूमि स्थान पर बने मंदिर को बर्बरतापूर्वक तोड़कर मस्जिद का विवादित ढांचा बनाया गया था। यह बात सुनने के बाद से ही मन उद्वलित रहने लगा कि हमारे आराध्य और रोम-रोम में बसने वाले भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर हुआ आक्रमण सनातन पर और हमारी आस्था पर आक्रमण था। इसके बाद से ही राष्ट्रीयता की विचारधारा से प्रेरित होकर कॉलेज में पहुंचते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अध्ययन के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि का मुद्दा पूरी तरह से समझा। उसके उपरांत वर्ष 1992 में एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने कानपुर पहुंचा तो मुझे भी कारसेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। वर्ष 1992 में ही 6 दिसंबर को कार सेवकों द्वारा श्रीराम जन्मस्थान पर बने विवादित ढांचे को गिरा दिया गया। उन दिनों राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं को यह सलाह दी जाती थी कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां ऐसे सांप्रदायिक व अनावश्यक मुद्दों का कोई स्थान नहीं है। स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी के अतिरिक्त देश के सभी राजनीतिक दलों के लिए राम मंदिर आंदोलन एक सांप्रदायिक मुद्दे से अधिक और कुछ न था।

युवा अवस्था में यह विचार मेरे मन मस्तिष्क में कौंधता रहता था कि जब भारत, भगवान श्रीराम की भूमि है तो यहां भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़कर बनाए गए विवादित ढांचे के स्थान पर रामलला के लिए भव्य मंदिर निर्माण की परिकल्पना सांप्रदायिक कैसे हो सकती है ? तत्समय एक बड़ा प्रभावशाली एवं विशिष्ट वर्ग भी सेकुलरिज्म की चादर में लिपटे हुए इन्हीं कुतर्कों को धार देता रहता था। ऐसी स्थिति में कभी-कभी लगता था कि अयोध्या में भव्य श्रीरामलला मंदिर का निर्माण एक दिवास्वप्न ही है, परंतु यह भारत का सौभाग्य है कि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसा एक ऐसा राष्ट्र निष्ठ संगठन है, जिसने श्रीरामलला के मंदिर निर्माण की आस कभी नहीं त्यागी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में यह भरोसा जगाये रखा कि एक दिन राम मंदिर अवश्य बनेगा। राम जन्मभूमि का चरणबद्ध आंदोलन और विश्वास बनाए रखने के लिए रचे गए नारे इस प्रतिबद्धता के साक्षी रहे हैं। संघ ने देश की चेतना को जागृत रखते हुए श्रीराम मंदिर निर्माण के संकल्प को हर नागरिक का संकल्प बना दिया। संघ से प्रेरणा लेने वाले अनेक संगठनों ने उस चेतना को प्रखर बनाये रखने में अपना गिलहरी रूपी योगदान देने के लिए कृतसंकल्पित रहे। जनसंघ के समय से ही श्रीराम मंदिर का निर्माण अतिमहत्वपूर्ण मुद्दा था और भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से ही यह प्राथमिकता के शिखर पर पहुंच गया। फलस्वरूप आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है और भगवान श्रीराम अब सनातनियों द्वारा निर्मित भव्य -दिव्य मंदिर में विराजने वाले हैं।


वास्तव में किसी देश की चेतना ही उसके भविष्य मार्ग



को सुनिश्चित करती है। विशेषकर भारत के संदर्भ में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उसकी अस्मिता पर जब-जब हमले हुए तो उसने अपनी चेतना को जीवंत रखा। कवि इकबाल ने कहा था कि- यूनान ओ मिस्र ओ रूमा सब मिट गए जहाँ से अब तक मगर है बाक़ी नाम-ओ-निशाँ हमारा,कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौरे जहां हमारा। हजार साल तक बर्बर हमलों के बावजूद हमारे पुरखों ने देश की चेतना को जागृत रखा। हम बाह्य युद्ध हार गये, लेकिन मन का युद्ध जीतते रहे। दुर्भाग्य से 1947 के बाद स्वतंत्र भारत में ऐसी राजनीतिक धारा केंद्र में रही, जिसने देश के मन को हराने के कुत्सित प्रयास किए। उसने आम हिन्दू जनमानस को सदा इसके लिए तैयार किया कि वह अपने मूल्यों को छोड़ दे। अटल सरकार और विशेषकर 2014 में राजनीतिक धारा का केंद्र बदला तभी हमारे भविष्य की राह उज्ज्वल हुई। विश्व में भारत अपनी प्राचीन सनातन पहचान के साथ नये सिरे से उभरने लगा और एक नया भारत आकार लेने लगा।2014 से पहले अयोध्या में श्रीराम मंदिर की वकालत करते हुए हम सब यह कल्पना भी नहीं कर पाते थे कि इसके बनने के समय भारत की स्थिति क्या होगी? यह मुद्दा हिन्दू अस्मिता के प्रश्न से जुड़ा था, लेकिन अब मंदिर निर्मित होते-होते यह स्पष्ट हो गया है कि यह केवल अस्मिता का विषय ही नहीं, यह भारत के भविष्य और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का विषय था। आज यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अयोध्या में सिर्फ राम मंदिर नहीं बन रहा है, इसके साथ-साथ एक नया भारत भी बन रहा है जो विश्व का नेतृत्व करने के लिए संकल्पित है। यह नया भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में बहुलता, विविधता और समावेशिकता का सम्मान करने वाला एकमात्र देश है। यह भारत अपनी पुरातन सांस्कृतिक पहचान को आधुनिक कलेवर में भी पोषित और संर्वधित करने की क्षमता रखता है। यह भारत अपनी धरोहर को वापस पाने के लिए सदियों तक प्रतीक्षा कर सकता है और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उसे प्राप्त भी कर सकता है। यह नया भारत युद्ध एवं परमाणु बम के उपयोग के बिना ही अपनी विधि-व्यवस्था के माध्यम से सबसे पुरानी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखता है। उसे कोई बाहरी दखल बर्दाश्त नहीं है। यह नया भारत स्वदेशी चंद्रयान का सफल परीक्षण कर सकता है तो यह अपने आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का पुनः निर्माण कर सदियों की बर्बर गुलामी के चिह्न को भी मिटा सकता है। प्रश्न यह है कि भारत सदियों से दिव्य शक्तियों और असीम क्षमताओं वाला देश रहा है तो फिर इसकी अपनी महिमा, गरिमा क्यां धुमिल हो गई थी? इसका एक ही उत्तर है, देश की चैतन्यता पर प्रहार। देश की चेतना ऐसी बना दी गई थी कि राम मंदिर की बात करना सांप्रदायिक और मुस्लिम तुष्टीकरण करना सेकुलरिज्म था। भारत का गौरव महिमा गान पिछड़ापन था और विदेशों का गुणगान करना बुद्धिजीविता थी। अपने संविधान पर अविश्वास करते हुए, अपने ही मुद्दों को संयुक्त राष्ट्र की विदेशी मध्यस्तता से हल कराने की कोशिश की जाती थी। इन सब बातों पर राष्ट्रवादियों के अलावा शेष समाज मौन ही रहता था, क्योंकि हमारी चेतना का स्तर इतना गिरा दिया गया था कि हम इन सब मुद्दों के प्रति उदासीन रहने के अभ्यस्त हो गए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत के लोगों में राष्ट्रबोध के साथ सनातन के प्रति सकारात्मक बदलाव आया है। हमारी स्व-चेतना का स्तर शिखर की ओर अग्रसर है। भाजपा सहित अनेक राष्ट्रवादी संगठनों के प्रयासों से राष्टीयता का सर्वांग जागरण हुआ है। भारतीय जनमानस अपनी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहरों, अपने मूल्यों एवं अपनी मान्यताओं के प्रति इतना अधिक सजग हो गया है कि उसके मुद्दों को लटकाने के लिए अब अदालतें भी तैयार नहीं है।

निःसंदेह, भारत की इस चैतन्यता का केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्वकाल हैं। साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जनता में जो विश्वास जगाया है, वह अतुलनीय और अकथनीय है। उनके नेतृत्व में भारत की क्षमता, शक्ति, छवि और नियति सब कुछ परिवर्तित हुई है। जब नेतृत्व स्वयं अपने आचरण से देश की संस्कृति, आध्यात्म, मूल्यों, परंपराओं और धरोहरों के प्रति अगाध प्रेम और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है तो जनता की चेतना का जागरण होना स्वाभाविक है। डरा हुआ और तुष्टीकरण से शासन चलाने वाला अक्षम नेतृत्व देश की चेतना को कमजोर ही करता है। सबका साथ, सबका विश्वास का संकल्प लेकर मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ने वाला नेतृत्व राष्ट को परम-वैभव की ओर उन्मुख करता है। यही राम की रीति-नीति भी है। आज जब विश्व भर में अशांति है, एक देश दूसरे देश का दमन कर रहा है, तब भारत ऐतिहासिक नवनिर्माण कर रहा है और संकल्पित, विकसित और अखण्ड भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**लेखक – भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद हैं**



# निषादराज ने पखारे प्रभु श्रीराम के पांव, पार कराई गंगा...

**नर्मदापुरम।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्व जिले में श्रीरामकथा के विशिष्ट चरितों आधारित 'श्रीलीला समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सह्योग से जिले के पावन सेठानी घाट पर श्रीरामचरित लीला समारोह में रविवार को निषादराज कथा का मंचन किया गया। जिसे देखने बढ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.कार्यक्रम का निर्देशन बैतूल के राकेश वरवडे और उनकी टीम ने किया है। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि और बढ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे( लीला नाट्य निषादराज गुह्य में बताया कि भगवान राम ने वन यात्रा में निषादराज से भेंट की। भगवान राम से निषाद अपने राज्य जाने के लिए कहते हैं लेकिन भगवान राम वनवास में 14 वर्ष बिताने की बात कहकर राज्य जाने से मना कर देते हैं। आगे के दृश्य गंगा तट पर भगवान राम केवट से गंगा पार पहुंचाने का आग्रह करते हैं लेकिन केवट बिना पांव पखारे उन्हें नाव पर बैठाने से इंकार कर देता है। केवट की प्रेम वाणी सुन, आज्ञा पाकर गंगाजल से केवट पांव पखारते हैं। नदी पार उतारने पर केवट राम से उतराई लेने से इंकार कर देते हैं। कहते हैं कि हे प्रभु हम एक जात के हैं मैं गंगा पार कराता हूं और आप भवसागर से पार कराते हैं इसलिए उतरवाई नहीं लूंगा। लीला के अगले दृश्यों में भगवान राम चित्रकूट होते हुए पंचवटी पहुंचते हैं। सूत्रधार के माध्यम से कथा आगे बढ़ती है। रावण वध के बाद श्री राम अयोध्या लौटते हैं और उनका राज्याभिषेक होता है। लीला नाट्य में श्री राम और वनवासियों के परस्पर सम्बन्ध को उजागर किया गया।



## इस अवसर को नागरिक दीपावली की तरह मनाने को उत्सुक नजर आए

# अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा अनेक स्थानों पर हो रहे हैं धार्मिक आयोजन





नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होने जा रही है। यह अवसर हम सबके लिए दीपावली की तरह है। दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस का त्यौहार मनाया जाता है। इसी प्रकार पिछ्ले एक सप्ताह से पूरे जिला राममय हो गया है। श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किसी त्यौहार से कम नही है। जिले का प्रत्येक गांव हो या नगर जहां देखों वहां केसरिया झंडों से भरा हुआ श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारा भारत देश श्री राम और श्री कृष्ण की भूमि है। इससे पूरा विश्व जीवन की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। हजारों वर्ष पुराना प्रतीक्षारत भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा विश्व रोमांचित होकर देख रहा है।अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के उत्साह को देखते हुए जिले भरके मंदिरों में भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का पाठ, कलश यात्राएं, प्रभारत फेरी का आयोजन और मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा साफ-सफाई अभियान बडे स्तर पर किया जा रहा हे। यानी की पूरा जिला राममय हो गया है। अखंड रामायण पाठ एवं भजन प्रतियोगिता नव निर्माण, जीर्णोद्धार एवं कलश स्थापना समारोह, पूजा अर्चना, सत्संग का आयोजन किया गया है। भगवान श्री राम ने मर्यादा पुरूषोत्तम होकर दुनिया के लिये अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। ऊंच नीच का भेदभाव दूर किया है। भगवान ने सभी को समान रूप से सम्मान दिया है। श्री रामलला की 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा होना अदभुत होगा। जिले की आम जनता आज 22 जनवरी को दीप जलाओ, पटाखे चलाओ और मिठाईयां बांटो दिपावली की तरह त्यौहार मनाया जायेगा।

## नगर के हर मंदिर पर की गई साज सज्जा

### चिरस्मरणीय बनायेगा हर सनातनी हिन्दू परिवार





**सिवनी मालवा** 500 साल में 77 संघर्षों में लाखों बलिदानों देने के बाद सात पीढ़ी जिस अलौकिक दिन की प्रतीक्षा कर रही थी आज वो पवित्र पावन दिन 22 जनवरी आ गया । जब हर मोहल्ले और ग्रामों तथा वन ग्रामों में रहने वाला प्रत्येक रामभक्त परिवार के साथ साथ हर भारतीय श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनेगा। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के सामने पूजित पीले चांवल का निमंत्रण सभी भक्तों के लिये भेजा गया था,पूरे देश में 1 से 15 जनवरी तक निमंत्रण अक्षत और परिवार सम्पर्क का महाभियान चलया गया था।

जिसके अन्तर्गत नर्मदापुर संभाग में संगठन रचना के जिले नर्मदापुरम, पिपरिया, हरदा,बैतूल,मुलताई में परिवार सम्पर्क के लिये महाभियान चलाया गया जिसमें पाचों जिले के 25 खंडों के 301 मंडलों के अन्तर्गत आने वाले 2905 गांव 12 नगरो के 106 बस्तीयों के अन्तर्गत आने वाले 1239 मोहल्ले में कार्यकर्ताओं ने 6,19218 परिवारों से सम्पर्क करे उन्हें पीले अक्षत दिये गये। इस महाभियान में 4225 टोलियों में 25006 कार्यकर्ता निकले और 631422 परिवारों में सम्पर्क कर उन्हें पीले अक्षत दिये गये।पांचों जिलो के छोटे बड़े 3568 मंदिरों पर आज विशाल कार्यक्रम होगे। विश्व हिन्दू परिषद प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी एवं नर्मदापुरम विभाग मंत्री शिव राठौर ने जानकारी देते हुए बताया की सनातन हिन्दू समाज से निवेदन कि आज 22 जनवरी को अपने गांव मोहल्ले एवं नगरों के मंदिरों में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे एकत्रित होकर भजन कीर्तन राम नाम जाप करे,जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम आरती होगी उस समय अपने स्थान पर राम आरती करे,प्रसाद वितरण करे शाम के समय अपने घरों में साज साज्जा करे एवं 5 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाये। श्रीराम के अयोध्या आगमन एवं रामराज्य के प्रारंभ के प्रथम चरण का हम सभी विशाल हदय से अभिनंदन करें।

# बालिका छात्रावास में हुई गणवेश वितरण

**सिवनी मालवा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा तथा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक एवं नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन रघुवीर सिंह राजपूत वीरेंद्र मिश्रा राजा तिवारी संतोष कुमार शर्मा बीआरसीसी द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन एवं बीआरसीसी कार्यालय से जन शिक्षक मनमोहन रघुवंशी विजय सिंह राजपूत द्वारा अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की गई





कार्यक्रम में छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए श्री राम दरबार की मनमोहन झांकी प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रेम शंकर वर्मा द्वारा परीक्षा एवं परीक्षा की तैयारी तथा देश की संस्कृति से संबंधित आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक द्वारा भविष्य में संस्था में विभिन्न दैनिक क्रियाकलापों से संबंधित प्रतियोगिताएं रखने हेतु छात्रावास प्रबंधन को सहयोग देने का वादा किया गया साथ ही ऐसी प्रतियोगिताओं हेतु छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए पारितोषक वितरण का जिम्मा भी लिया वही विभिन्न रोचक तथ्यों के माध्यम से छात्र जीवन को सर्वोपरि बताते हुए जीवन निर्माण के नए कौशलों पर चर्चा की गई, अपने उद्बोधन में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को भविष्य हेतु मंगल कामनाएं प्रेषित कर अपने पालक तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने हेतु शुभकामनाएं दी।

# नर्मदा कॉलेज में मानक लेखन स्पर्धा आयोजित, जागरूकता अभियान सरक्षित यात्रा हेलमेट के साथ



**नर्मदापुरम।** नर्मदा महाविद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के मार्गदर्शन में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दो पहिया सवारियों के लिए सुरक्षित हेलमेट विषय पर जागरूकता संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमें प्रथम कु. स्वामी परिहार प्रथम कु.याशी मौर्य द्वितीय कु. प्रियंका परिहार आयुष सोनारे,तृतीय स्थान व प्रिया साहू ,ख्याति यादव, अंकिता उदयपुरिया, डिंपल यादव ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थी गुणवत्ता की अवधारणा व कौशल विकास कर सजग समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद पाटिल रहे ।ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के आर एस टी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं की गुणवत्ता के बारे में कैसे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही उन्होंने आई एस आई और आई एस हॉल मार्क्स से संबंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ रवि उपाध्याय कार्यक्रम के समन्वयक एवं डॉ महेश मानकर ,डॉ राजेश दीवान, डॉ बी एस आर्य, कु. दीपा पालीवाल, मुकेश द्विवेदी विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आज 22 जनवरी को बंद रहेंगे पशुवध गृह

### नगरीय विकास विभाग ने जारी किये निर्देश

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को देखते हुए नगरीय क्षेत्रों में 22 जनवरी को सभी पशुवध गृह, मांस-मछली की दुकाने बंद रहेंगी। इस संबंध में नगरीय विकास विभाग सचिव सह आयुक्त श्री भरत यादव द्वारा आदेश जारी कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर परिषद को निर्देश जारी किये हैं। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मंदिर परिसरों में स्वच्छता कार्यक्रम में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। स्वच्छता अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने स्थानीय निकायों के अधिकारियों को दिये हैं।



# रणजी ट्राफ़ी में फिर चमका क्षेत्र का गौरव

सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो

रणजी ट्राफ़ी मैच में उत्तराखण्ड और पॉण्डिचेरी के बीच चल रहे मुक़ाबलों में एक बार फिर नर्मदापुरम ज़िले की शिवपुर के बिसोनी कला गाँव के युवा तेज गेंदबाज़ गौरव यादव ने अपने उम्दा प्रदर्शन से ज़िला नर्मदापुरम को गौरवान्वित किया। रणजी ट्राफ़ी मैच में पहले पंडुचेरी ने बल्लेबाजी करके 202 रन बनाये जिसमे गौरव यादव की 6विकेट की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत उत्तराखण्ड को 112 रनों पर ही आल आउट कर दिया और जिसके बाद दूसरी पारी में उत्तराखण्ड को 212 रनों का लक्ष्य मिला जिसमें पुनः गौरव यादव ने घातक गेंदबाज़ी करके 7 विकेट अर्जित किए और पंडुचेरी ने यह मैच 55रनों से जीता। गौरव यादव के उम्दा प्रदर्शन 13 विकेट के साथ उन्हें मेन ऑफ़ द मैच चुना गया उनके इस प्रदर्शन से उनके गाँव और परिवार में परिजनों ने हर्ष है।

**मेट्रो एंकर**

## अपर मुख्य सचिव केसरी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

# नल योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों को मिले, कई मुद्दों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

अपर मुख्य सचिव वित्त अजीत केसरी की अध्यक्षता में 21 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने संभाग के नर्मदापुरम,बैतूल और हरदा जिले में शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही संभाग के विधायकगणों से भी चर्चा कर उनके मुद्दे भी जानें। जिस पर अपर मुख्य सचिव श्री केसरी ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त मुद्दो का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश जिला प्रशासन सहित सभी विभागों के संभागीय एवं जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह,विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगा उइके, विधायक भेंसदई महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर उपस्थित रहे. प्रशासनिक अधिकारियों में कमिश्नर नर्मदापुरम डॉ पवन कुमार शर्मा , मुख्य वन संरक्षक अनिल शुक्ला , अपर आयुक्त श्री आर पी सिंह, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी ,जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित संभागीय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में कमिश्नर डॉ शर्मा ने संभाग में प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी।



अपर मुख्य सचिव श्री केसरी ने कहा कि संभाग में योजनाओं के संबंध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त मुद्दो का परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाए। अविवादित नामांतरण के रजिस्ट्री के प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण किया जाएं। राजस्व प्रकरणों के संबंध में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को प्रशिक्षण दिया जाएं। जिससे नामांतरण आदि के प्रकरणों के निराकरण में कोई दुविधा न हो और प्रकरणों का व्यवस्थित रूप से समय पर निराकरण हो। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएं। प्रकरणों के निराकरण के संबंध में स्टैंडर्ड दिशा निर्देश जारी करें। अगली बैठक से पूर्व लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताएं गए मुद्दों पर नर्मदापुरम जिले के डूब एरिया के धारणाधीकर के प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में बैतूल और नर्मदापुरम जिला प्रगति लाएं। ताकि ग्रामीणों को समय पर आबादी की भूमि पर अधिकार अभिलेख मिल सके। वन ग्रामों में पट्टे संबंधी प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करे। वन ग्रामों में योजनाओ के क्रियान्वयन के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने पीएम आवास के लंबित कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम राइज स्कूलों के भूमि संबंधी समस्याओं को जिला कलेक्टर स्थानीय विधायक से समन्वय कर समाधान कराएं।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़को का निर्धारित समय पर मरम्मत की जाएं। मरम्मत कार्यों की मॉनिटरिंग भी करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई सड़को का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। उन्होंने तीनों जिले में रेलवे ओवर ब्रिज की डिजाइन सुविधाजनक बनाने और प्राप्त समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। पिपरिया बांसखेड़ा आरओबी, धर्मकुंडि आरओबी संबंधी समस्या का निराकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर उनका संचालन किया जाए।

## रेस्टोरेशन के कार्य समय पर सुनिश्चित की जाएं

अपर मुख्य सचिव वित्त श्री केसरी ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। योजना प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएं। संभाग में नल जल योजनाओं के कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से तेजी से पूर्ण की जाए। रेस्टोरेशन के कार्य समय पर सुनिश्चित की जाएं। निर्मित नल जल योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन हो। अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी मिले इसका विशेष ध्यान रखें। हर घर जल का लाभ वास्तविक रूप से ग्रामीणों को मिले। विस्थापित ग्रामीणों के संबंध में सभी जिला कलेक्टर को स्कूल, आगनवाड़ी, बिजली आदि आधारभूत सुविधाएं के संबंध में समीक्षा कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बिजली बिल संबंधी समस्याओं का भी समाधान किया जाए ।बैठक में नर्मदापुरम नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या का निराकरण करने के निर्देश नगरपालिका नर्मदापुरम को दिए गए। साथ ही सिवरेज लाइन की रेस्टोरेशन की समस्या के भी निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। बजरिया स्कूल के डेमोलाइजेशन में संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैतूल के परसवाड़ा डैम ,घोघरी डैम संबंधी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैतूल के तलाबो की नहरों का बेहतर रखरखाव करने के लिए निर्देशित किया गया।

# आज फिर मनेगी दिवाली 150 से अधिक मंदिरों पर जारी आयोजन ,रघुवंशी समाज करेगा कार्यक्रम



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

आज भगवान श्री राम की अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी घरों को सजाने का कम कुछ दिनों से प्रारंभ हो गया बाजार में एक बार फिर दिवाली जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। दीपक की बिक्री हो रही है। क्योंकि एक बार घरों पर दीप जलाए जाएंगे मंदिरों की साफ सफाई करने का काम भी हो गया है। इनको भी सजाया गया यहां भी धार्मिक आयोजन होंगे इसके अलावा रामायण पाठ हनुमान चालीसा भंडारे और प्रसादी वितरण भी विभिन्न मंदिर समितियां के द्वारा अपने स्तर से किया जाएगा दूसरी ओर रघुवंशी समाज के द्वारा भी श्री छतरी नाके श्री हनुमान मंदिर पर प्रसादी वितरण किया जाएगा अन्य आयोजन भी शहर के सभी 150 से अधिक मंदिरों पर होंगे साथ ग्रामीण अंचलों में भी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया जाएगा। इसके चलते मंदिरों की साफ सफाई के बाद पानी से मंदिरों को धोने के साथ उनका दूधिया रोशनी से जगमगाया गया है।

# कड़ाके की ठंड ने किसानों की बढाई मुश्किलें, फसलों पर पाला पड़ने का सता रहा है डर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

वैसे मकर संक्रांति के बाद सर्दी का कर काम हो जाता है। इस बार कड़ाके की सर्दी का दौर दोबारा से प्रारंभ हो गया है । जो काम होने का नाम नहीं ले रहा है ।रविवार की सुबह तो घने कोहरे के साथ हुई थी इसका असर इतना ज्यादा था कि आसपास का भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था कप-कप देने वाली ठंड ने लोगों घरों में ही कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया सर्दी अधिक होने की वजह से घरों से निकलने हिम्मत नहीं हो रही थी इस वजह से सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ था रविवार की छुट्टी होने की बजे से लोगों ने घरों से निकलना है उचित नहीं समझा। सर्दी अधिक पढ़ने के कारण किसानों को फसलों में नुकसान होने का डर



भी सता रहा सबसे ज्यादा नुकसान दहलनी फसलों में पाला पड़ने के कारण होने की संभावना रहती है? साथ सब्जियों में भी सर्दी के कारण नुकसान होने का डर सब्जी विक्रेताओं को भी सता रहा है। दूसरी ओर सर्दी के सितम ने बुजुर्गों को भी परेशानी बड़ा रखी है ।बढ़ाने इसके अलावा बेसहारा और गरीब वर्ग के लोगों को भी ठंड के कारण मुश्किल का सामना करना पड़ रहा हैं एंव जानवरों की भी हालत खराब हो रही है। मौसम विभाग के द्वारा अभी भी इसी तरह की सर्दी पड़ने की संभावना जताई है।

## बन रहा राममंदिर करेगा नए राष्ट्र का निर्माण, राममय नजर आया समूचा शहर

# स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा लोक कल्याण न्यास ने निकाली भव्य शोभायात्रा, कारसेवकों का किया सम्मान







सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

भगवान राम की स्थापना के एक दिन पूर्व से ही नगर का माहौल राममय नज़र आया जिसको भी देखो वह सनातनी वस्त्रों में हल्दी चंदन से रंगा राम का अनुयायी बनकर नगर में निकली भगवान राम की शोभायात्रा में बरस रहा आनंद लूट रहा था। मौका था स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास द्वारा आयोजित हुई श्री राम जन्मभूमि अभियान शोभायात्रा का। विधायक उमाकांत शर्मा की अगुआई में भव्यता के साथ आयोजित हुई इस शोभायात्रा में धर्म भक्ति और राम के प्रति अपना आनंद उल्लास लुटाने को क्षेत्र की जनता ने भरपूर आनंद लूटा। स्वयं विधायक उमाकांत शर्मा शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों को हल्दी के रंग में रंगते नज़र आए। दोपहर दो बजे नगर के प्राचीन रामलला सरकार मंदिर से विमान में विराजे रामलला की प्रतिमा,झांकियों एवं कीर्तन मंडलियों के साथ धूमधाम से प्रारम्भ हुई इस शोभायात्रा का नगर में कदम कदम पर भव्य स्वागत नगर वासियों ने किया। जिसमें युवाओं बुजुर्गों के साथ जयकारे लगाते हुए महिलाएं वाम युवतियां ने भी सहभागिता की। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों और स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के बीच निकली यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकलते हुए सुभाष नगर के पारसनाथ दिगंबर जैन समाज मंदिर में पहुँचकर सम्पन्न हुई।

### भव्य सजाया शहर

राम मंदिर उत्सव आयोजन को लेकर नगर में स्थानीय नगरपालिका प्रशासन सहित नगरवासियों ने जोरदार सजावट की । नगर के सभी चौक चौराहों सहित बाजार को केसरिया पटको से सजाया गया था इसके अलावा पूरे बाजार में केसरिया पताकाओं ओर रंग बिरंगी आकर्षक विधुत सज्जा की गई है।



### स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा न्यास ने किया कारसेवकों का सम्मान

शोभायात्रा के समापन पर दिगंबर जैन मंदिर में स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास के द्वारा 1992 में कारसेवा में सिरोंज क्षेत्र के सहभागिता करने गए करसेवकों कान्यास के सदस्यों ने केसरिया पगड़ी,शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। न्यास के संरक्षक उमाकान्त शर्मा ने सत्यनारायण शर्मा,राकेश सक्सेना, रघुनाथ सिंह,लक्ष्मीनारायण शर्मा, नारायण सिंह बघेल,रमेश यादव,रघुनाथ सिंह रघुवंशी,कमल सिंह गुर्जर,हिम्मत सिंह गुर्जर,देवेंद्र नेमा, राधाकिशन सोनी,राजकुमार लखपति, लक्ष्मण सिंह,दिनेश सेन,सरदार सिंह बघेल,हिन्दू सिंह बघेल,संजय सोनी,प्रभात भार्गव,गबलू सिंह,खुशाल सिंह,बहादुर गुर्जर, मोहर सिंह शर्मा, गजराज सिंह आदि का मंच से सम्मान किया गया। इसके अलावा वे कारसेवक जो दिवंगत हो गए उनके परिवार के लोगो का मंच पर बुलाबाकर सम्मान किया गया। इनमें प्रमुख रूप से स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा,आशाराम कुशवाहा, नारायणप्रसाद शर्मा, बालकृष्ण विद्यार्थी, रमेश गर्ग,कन्हैया लाल चौरासिया आदि शामिल है जिनका विगत दिनों देहावसान हो गया है।

### 1992 के कारसेवकों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर यात्रा के समापन स्थल सुभाषनगर बजरिया में स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोककल्याण न्यास के सदस्यों द्वारा 6 दिसम्बर 1992 के कारसेवकों के रूप में अपना अमूल्य योगदान देने वाले लगभग दो दर्जन कारसेवकों का न्यास के सदस्य एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पुष्पमाला एवं केशरिया पटका उड़ाकर स्वागत किया।

### आज कैथन नदी पर होंगा दीपदान

आज का दिन भूतो न भविष्यति वाला दिन है आज का दिन सनातन के अराध्य भगवान श्री राम अयोध्या जन्म भूमि पर प्रतिष्ठित होने जा रहे पूरा नगर सहित अंचलीय क्षेत्र भगवामय हो गयें वही आज शाम के समय नगर की एक मात्र कैथन नदी पर 5000 से अधिक दीपो से दान किया जायेंगा वही अनेक मंदिरो व देवस्थानो पर भी भजन , कीर्तन , सुंदरकांड जैसे आयोजन मंदिर समितियो के द्वारा किया जायेंगें वही नगर के प्रमुख स्थानो पर अयोध्या के प्रसारण को लाईव दिखाने को लिये एलईडी भी लगाई जायेंगी ।

### नगर में दिखी अवध की झलक,भगवामय नजर हुआ नगर

शोभायात्रा के पहले ही शहर को राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों ने यात्रा के स्वागत को लेकर सम्पूर्ण बाजार को भगवा ध्वज,तोरण द्वार एवं वंधनवारों से सजाया गया। नगर में श्री राम की पवित्र नगरी अयाध्या जैसी झलक दिखाई दे रही थी। हर व्यक्ति पलक पांवड़े बिछाकर शोभायात्रा का दर्शन करने के लिए उत्साहित नजर आ रहा थे, रामभक्त , माता बहिने , अपने अपने हाथो में भगवा झंडे लेकर गले में भगवा पटका बांधे हुए जय श्री राम , जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे इन्हे देख कर ऐसा लगा रहा था जैसे पूरा शहर भगवामय हो गया है।

### संघ की प्रेरणा से हो रहे है आयोजन

सोमवार को होने वाले आयोजन की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यात्रा के संयोजक उमाकांत शर्मा ने कहा कि यह केवल देश से पाँच सौ साल का कलंक ही नही हट रहा बल्कि रामराज्य का पुनः दौर प्रारम्भ हो रहा है। अभी कृष्ण राज के माध्यम से धर्म की भी स्थापना होना बांकी है। आज भी बड़ा ऐतिहासिक दिन है जिस दिन कारसेवा हुई थी उस दिन भी एकादशी थी और आज भी एकादशी है जिसमे डोल में बैठकर भव्यता के साथ भगवान रामलला आज डोल ग्यारस के रूप में पूरे नगर का धूमधाम के साथ भ्रमण किया है। सिरोंज की सांस्कृतिक सनातनी विरासत ओर परंपरा बहुत प्राचीन है आज के इस सम्मान कार्यक्रम में हम उन सारे वीर कारसेवकों का सम्मान कर गौरवान्वित महसूस कर रहे है जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से बाबरी ढांचे को गिराकर बाबर के कलंक को हटाने का ऐतिहासिक काम किया था। यह केवल सनातन धर्म मे मर्यादा की स्थापना करने वाले भगावन राम का ही मंदिर नही बल्कि राष्ट्र मंदिर के रूप में पहचान स्थापित कर नए भारत का निर्माण करेगा। इस अवसर पर बड़ी सँख्या में सिरोंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

# परीक्षा पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी के विरूद्ध चलाएं जागरूकता अभियान

रायसेन, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाएँ जाने के विरूद्ध जिला कलेक्टर्स को स्कूल शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये है। इस अभियान में शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते है। यह ग्रुप झूटी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते है। कई ग्रुप पैसों की मांग करते है और विद्यार्थियों को फर्जी पेपर उपलब्ध कराते है। इसके अलावा यह ग्रुप विद्यार्थियों को विभिन्न गेमिंग और अन्य हानिकारक समग्री उपलब्ध कराने वाले एप्स से भी जोड़ देते है। इस वजह से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आर्थिक हानि होने के साथ मानसिक तकलीफ का भी सामना करना पड़ता है। यह ग्रुप जालसाजी करके विद्यार्थियों से यूपीआई डिटेल्स भी प्राप्त कर लेते है और ब्लेकमेल भी करते है। इन गतिविधियों के रोकने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रयास कर रहा है।

**तत्काल सूचना देने की अपील:** स्कूल शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि उनके साथ इस तरह के कोई भी प्रस्ताव सोशल मीडिया एवं अन्य साधनों से प्राप्त होते है तो उन पर विश्वास न करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में इसकी जानकारी दें। इन सोशल ग्रुप के खिलाफ पुलिस के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि है आज

**रायसेन ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाने की अंतिम तिथि 22 जनवरी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने बताया कि जो युवा 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वह भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। समस्त बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर 22 जनवरी तक उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App और voters.eci.gov.in/ के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। दिनांक 08 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

## विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए

# विधायक डॉ चौधरी ग्राम पंचायत सागोनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल



रायसेन, दोपहर मेट्रो।

सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सागोनिया में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीणजन शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और आवेदन भी करें। जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ईई सहित अन्य ने सर्किट हाउस को स्वच्छ रखें का संदेश साफ सफाई कर दिया

**विदिशा।** शनिवार को जिले के विभिन्न विभागों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और पालन करने का संदेश साफ सफाई कर दिया गया है। इसी कड़ी के तहत विदिशा के सर्किट हाउस में भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो - कर्मचारियों ने श्रम की आहुति देकर सर्किट हाउस व परिसर को पूर्ण स्वच्छंद बनाए रखने हेतु स्वयं के द्वारा साफ सफाई को मूर्त रूप देकर स्वच्छता की अलख जगाई है ।सर्किट हाउस आने वालों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया है।



# कौन हैं इंग्लैंड टीम में शामिल किए गए डैन लॉरेंस



## भारत के लिए भी बड़ा खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने निजी कारणों की वजह से भारत नहीं आने का फैसला किया है। ब्रूक की वजह डैन लॉरेंस को इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया था। मध्यक्रम में ब्रूक इंग्लैंड की बैटिंग का अहम हिस्सा हैं। उनका बाहर होना टीम से बड़ा झटका है। लेकिन अब लॉरेंस की 22 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है।**

### ब्रूक से ज्यादा प्रभावी होंगे?

हैरी ब्रूक विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन स्पिन के खिलाफ उनका रिकॉर्ड काफी खराब है। आईपीएल के दौरान वह स्पिनर के खिलाफ काफी जूझ रहे थे। ऐसे में लॉरेंस उनसे बेहतर विकल्प शामिल हो सकते हैं। वह पार्ट टाइम स्पिन गेंदबाज भी हैं। 11 टेस्ट के अपने करियर में लॉरेंस के नाम 29 की औसत से 551 रन हैं। इसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।

### अकेले रहे थे सफल

दाएं हाथ के बल्लेबाज डैन लॉरेंस दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने 2021 के श्रीलंका दौरे पर टेस्ट डेब्यू किया था। उसी साल टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम भारत आई थी और लॉरेंस उस टीम का भी हिस्सा थे। वह स्पिन के खिलाफ अच्छे बल्लेबाज माने जाते हैं। इसी वजह से लॉरेंस को टीम में शामिल किया गया था। 2021 के अहमदाबाद टेस्ट में जब इंग्लैंड के सभी बल्लेबाज फेल रहे थे तो लॉरेंस ने 46 और 50 रनों की पारी खेली थी।

### ग्राउंड्समैन थे लॉरेंस का पिता

लॉरेंस ने अपना यूथ क्रिकेट चिंगफोर्ड क्रिकेट क्लब में खेला, जहां उनके पिता ग्राउंड्समैन हैं। लॉरेंस ने अप्रैल 2015 में केंट के खिलाफ एसेक्स के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया। 17 साल और 290 दिन की उम्र में उन्होंने अपने दूसरे ही मैच में सरे के खिलाफ शतक बनाया और काउंटी चैम्पियनशिप में शतक बनाने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। 2017 में लॉरेंस को क्रिकेट राइटर्स क्लब यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला था।

## IND vs ENG टेस्ट सीरीज

# पूर्व कप्तान ने सीरीज शुरू होने से पहले ही मान ही हार

### कांप रहा इंग्लैंड!



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल अथर्टन का मानना है कि भारत का शानदार स्पिन आक्रमण बेन स्टोक्स एंड कंपनी के खिलाफ पांच मैच की घरेलू सीरीज में उन्हें जीत दिलायेगा। पहला टेस्ट गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होगा। इंग्लैंड ने भारत में अभ्यास मैच खेलने के बजाय अबु धाबी में तैयारी करने का फैसला किया। इंग्लैंड की टीम में सिर्फ जैक लीच ही अनुभवी स्पिनर हैं जबकि टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद कम अनुभवी हैं। भारतीय टीम में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे स्पिनर शामिल हैं।

इंग्लैंड ने भारत में अंतिम सीरीज 2012 में जीती थी जब ग्रीम स्वान और मोंटी पनेसर ने भारतीय स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया था। अथर्टन ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा, 'मुझे लगता है कि भारत जीत जायेगा। उनके स्पिनर इंग्लैंड से बेहतर हैं और अंत में यही निर्णायक चीज रहेगी। अगर आप भारत जाओ तो स्पिन बड़ी भूमिका निभाता है। इतिहास देखें तो ऐसा हुआ है और मुझे लगता है कि ऐसा हमेशा ही रहेगा। भारत के पास बहुत मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण भी है।'

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का मानना है कि भारत की स्पिन बॉलिंग में विविधता के साथ ही अनुभव है। उन्होंने कहा, 'भारत के चार स्पिनर इंग्लैंड के स्पिनरों से बहुत अलग हैं। उनके पास रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के रूप में बायें हाथ के दो 'फिंगर' स्पिनर हैं। उनके पास कुलदीप यादव के रूप में कलाई का स्पिनर है और रविचंद्रन अश्विन सर्वकालिक महान स्पिनरों में से एक हैं।'

अथर्टन ने आगे कहा, 'इंग्लैंड के पास जैक लीच के रूप में एक बेहतरीन बाएं हाथ का स्पिनर है लेकिन फिर उसके पास कम अनुभवी स्पिनर टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद मौजूद हैं। यह दौरा उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन चयनकर्ताओं को उनसे काफी उम्मीदें हैं।' भारत में पहले दिन से ही पिच के टर्न होने की उम्मीद है जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों की भी बड़ी परीक्षा होगी।



## मेट्रो बाजार

# भारतीय शेयर बाजार से FII ने 3 दिन में निकाले 24 हजार करोड़

**नई दिल्ली , एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों ने तीन दिन (17-19 जनवरी) में 24,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि, पूरे जनवरी महीने में 13,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले इन निवेशकों ने दिसंबर में 66,134 करोड़ और नवंबर में 9,000 करोड़ के शेयरों की खरीदी की थी। इन निवेशकों ने डेट में जनवरी में 15,647 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दिसंबर में डेट में 18,302 करोड़ व नवंबर में 14,860 करोड़ निवेश किया था। डेट मे इसलिए निवेश बढ़ रहा है क्योंकि जेपी मॉर्गन जून से अपने बेंचमार्क में भारतीय बॉन्ड को शामिल करेगा। एफआईआई ने भारत के अलावा अन्य उभरते देशों ताइवान, दक्षिण कोरिया और हॉन्गकॉन्ग के बाजारों से भी निकासी की है। अमेरिकी बॉन्ड की ब्याज दर में वृद्धि से एफआईआई ने बाजारों से पैसे निकाले हैं।



**टाटा मोटर्स के वाहन 0.7 प्रतिशत तक होंगे महंगे:** टाटा मोटर्स के यात्री वाहन फरवरी से महंगे हो जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हर मॉडल की औसतन 0.7 फीसदी तक कीमतें बढ़ेंगी। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन भी होंगे। इनपुट और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी ने यह फैसला किया है। इससे पहले जनवरी में भी कंपनी ने अपने सभी उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों में से पांच की पूंजी पिछले हफ्ते 1.68 लाख करोड़ घट गई। सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक को नुकसान हुआ। इस दौरान बीएसई में 1,145 अंकों की गिरावट रही। एचडीएफसी बैंक की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटकर 11.22 लाख करोड़ रुपये रही।

## राम मंदिर उद्घाटन से पहले बढ़ा कारोबार

**नई दिल्ली ।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते अयोध्या में कारोबारी गतिविधियों में जबरदस्त तेजी है। यहां हवाईअड्डे पर निजी जेट विमानों से पार्किंग पूरी तरह भर गई है। साथ ही स्थानीय दुकानों में सोने के परत वाली मूर्तियां भी खत्म हो चुकी हैं। इनकी इतनी मांग है कि आस-पास के भी बाजारों में यह नहीं मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी सहित करीब 8,000 वीवीआईपी सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या पहुंचने वाले हैं। भारतीय लग्जरी चार्टर सेवा क्लब वन एयर के सीईओ राजन मेहरा ने कहा, इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाना एक स्टेटस सिंबल बन गया है।

# तमिल थलाइवाज के मजबूत डिफेंस को नहीं भेद पाई बेंगलुरु बुल्स



**बेंगलुरु।** तमिल थलाइवाज ने अपने ऑलराउंड खेल के दम पर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में बेंगलुरु बुल्स पर 45-28 से जीत दर्ज की। नरेंदर ने 14 और अजिंक्य पवार ने 11 अंक बनाकर तमिल थलाइवाज की जीत में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों के अलावा कप्तान सागर ने पांच अंक का योगदान दिया। वहीं बेंगलुरु बुल्स के लिए अक्षित ने भी 12 रेड अंकों के साथ शानदार खेल दिखाया। थलाइवाज और बुल्स के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस मैच में जिसमें गलती की गुंजाइश बहुत कम थी।

बेंगलुरु बुल्स के डिफेंस को शुरुआती 15 मिनट में कोई टैकल अंक नहीं मिले, जिस समय तक तमिल थलाइवा ने पहला ऑल आउट कर दिया था। यह दोनों रेडर थे जिन्होंने काम किया क्योंकि नरेंद्र और अजिंक्य ने अपनी टीम को 18-9 की बढ़त तक पहुंचाया।

इसने बेंगलुरु बुल्स के लिए एक वेक-अप कॉल के रूप में काम किया क्योंकि उन्होंने इसे एक कदम आगे बढ़ाया, सुशील के एक शानदार 3-पॉइंट रेड के साथ हाइलाइट किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**


# पैन इंडिया फिल्म का निर्माण करने की तैयारी में भंसाली

**संजय** लीला भंसाली फिलहाल अपने बहुचर्चित प्रोजेक्ट 'हीरामंडी' को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अभी इसे पोस्ट प्रोडक्शन का काम हो रहा है। इस बीच निर्देशक अपनी अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली एक मल्टी स्टारर फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। इसका एलान वे मार्च में कर सकते हैं। ये फिल्म पैन इंडिया होगी।

**मार्च में होगा फिल्म का एलान?:** संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर आएगी और इसी के साथ दिग्गज निर्देशक ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'हीरामंडी' के पोस्ट-प्रोडक्शन काम के बीच भंसाली अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि वे मार्च 2024 तक आगामी फिल्म का एलान भी कर सकते हैं।

**पैन इंडिया स्तर पर बनेगी फिल्म:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भंसाली एक मल्टी स्टारर प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है, 'संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म पैन इंडिया होगी। यह मल्टी स्टारर पैन इंडिया फिल्म हो सकती है, जिसे व्यापक स्तर पर बनाए जाने की तैयारी है। इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें फैल रही हैं, हालांकि अभी तक किसी चीज को लेकर खुलासा नहीं हुआ है'।

**'हीरामंडी' में नजर आएंगे ये सितारे:** बात करें 'हीरामंडी' की तो भंसाली इसके क्रिएटर और डायरेक्टर हैं। इसके लिए वे पहली बार नेटफ्लिक्स के साथ आए हैं। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख नजर आएंगे।



# रोहित शेट्टी बोले- आखिरी मिनट में जोड़ा गया था 'लुंगी डांस' सॉन्ग



**बॉलीवुड** के जाने माने निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी एक्शन वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' को लेकर चर्चा में हैं। रोहित ने इस वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू किया है। रोहित ने अपने करियर में शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया। शाहरुख के साथ फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' उनकी सुपरहिट फिल्मों में से एक रही है। निर्माता ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान इस फिल्म के ट्रैक 'लुंगी डांस' के पीछे की सच्चाई बताई, जिसमे उन्होंने बताया कि यह गाना आखिरी मिनट में फिल्म में जोड़ा गया था।

**आखिरी समय में जोड़ा गया यह गाना :** रोहित ने 'लुंगी डांस' गाने को लेकर कहा, 'चेन्नई एक्सप्रेस' फिल्म में यह गाना आखिरी समय में जोड़ा गया था। इस गाने को लेकर पहले से कोई तैयारी नहीं थी। हनी की शाहरुख से मुलाकात हुई। शाहरुख ने मुझे फोन करके कहा, एक गाना है, आपने वो सुनना है क्या? मुझे लगता है कि यह शानदार है। मैंने गाना सुना, तो मुझे अच्छा लगा, तभी मैंने हनी से फिल्म में 'लुंगी डांस' गाना गाने के लिए कहा।

**इस गाने को लेकर था असहज :** उन्होंने आगे कहा, हालांकि, 'एक फिल्म निर्माता के रूप में, मैं दर्शकों की पसंद और नापसंद को लेकर परेशान था। इस गाने की एक लाइन को लेकर ज्यादा चिंतित था, जिसमे कहा जाता है कि नारियल में वोदका मिलाके। मैं इस शब्द के इस्तेमाल को लेकर सहज नहीं था, क्योंकि बहुत सारे बच्चे मेरी फिल्में देखने आते हैं। बाद में, इस गाने में वोदका की जगह 'नारियल में लस्सी मिलाके' में बदल दिया गया। हनी ने मुझ से कहा, 'इससे ज्यादा मैं शरीफ नहीं हो सकता आपके लिए। हालांकि, मुझे खुशी है कि यह गाना दर्शकों ने बहुत पसंद किया।' दीपिका ने फिल्म इंडस्ट्री में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से कदम रखा था।

# पूर्व पत्नी के साथ रोड ट्रिप एन्जॉय करते दिखे आमिर खान

**अभिनेता** आमिर खान इन दिनों फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। आमिर की बेटी आयरा खान ने हाल में अपने बॉयफ्रेंड नूपुर शिकरे के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। वहीं, अब आमिर खान अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ समय बिताते नजर आए। किरण राव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की है, जिसमें वे आमिर और बेटे आजाद खान के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है।



## किरण ने पूर्व पति आमिर के साथ दिए पोज

आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर में किरण, आमिर खान और बेटे आजाद खान के साथ नजर आ रही हैं। किरण अपने पूर्व पति और बेटे के साथ रोड ट्रिप पर जाते हुए खुशी-खुशी एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि आमिर खान भी किरण के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। उनके साथ एक डॉगी भी दिख रहा है।

**किरण ने कैप्शन में कही यह बात:** किरण राव ने तस्वीर करते हुए लिखा, 'सुंदरी के साथ रोड ट्रिपिंग।' किरण ने बेज स्वेटर और हरे रंग की पैंट पहने बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, आमिर खान जैकेट और जींस पहने हुए हैंडसम लग रहे हैं। जबकि, उनके बेटे आजाद ने नीली टी-शर्ट और पैंट पहनी हुई हैं। किरण की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

**आमिर खान का वर्कफ्रंट:** आमिर खान ने 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की रिलीज के बाद अभिनय से ब्रेक ले लिया था। हालांकि, वह निर्माता के तौर पर लगातार एक्टिव हैं। अभिनेता राजकुमार संतोषी और सनी देओल के साथ 'लाहौर 1947' में काम कर रहे हैं। इसके आलावा अभिनेता फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर व्यस्त हैं। आमिर ने इस फिल्म की रिलीज की भी घोषणा कर दी है, जो क्रिसमस 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस की कई फिल्में एक साथ फ्लोर पर आने वाली हैं। बैनर के पास 2024 की पहली छमाही में रिलीज के लिए दो फिल्में हैं, पहली- किरण राव द्वारा निर्देशित 'लापता लेडीज' और दूसरी- संजय मिश्रा की 'प्रीतम प्यारे'।

**'वर्दी का संगीत' कार्यक्रम के दूसरे दिन सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड ने भोपाल के बोट क्लब में दी लयबद्ध प्रस्तुति**

# भोजताल पर सुर-ताल का अद्भुत संगम, बड़ी झील किनारे पुलिस बैंड ने बिखेरी स्वर लहरियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड द्वारा आयोजित ÷वर्दी का संगीत÷ कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 जनवरी को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब में बैंड दल के सदस्यों ने सुमधुर प्रस्तुतियां दी। शाम 5 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड की प्रस्तुतियों ने बड़े तालाब के आसपास के वातावरण को देशभक्ति गीतों से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर डीआईजी मध्य क्षेत्र विशेष सशस्त्र बल नवनीत भसीन, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी., डीसीपी शालिनी दीक्षित, डीएसपी तरुण पटले और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## बैंड दल के सदस्यों ने इन धुनों की दी प्रस्तुति

भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब में 21 जनवरी को शाम 5 बजे से प्रारंभ कार्यकम में पुलिस ब्रास बैंड के सदस्यों ने ऍऐ मालिक तेरे बंदे हमऍ की धुन से शुरुआत की। इसके पश्चात जय हो, लहरा दो सरकशीं का परचम लहरा दो, ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे देशभक्ति गीतों ने समां बांध दिया। बोट क्लब पर घूमने और बोटिंग करने आए लोगों के आनंद को पुलिस बैंड की प्रस्तुतियों ने दोगुना कर दिया। दर्शकों की मांग पर जिंदगी प्यार का गीत है, छूकर मेरे मन को, जमाल कुडु, नाचो-नाचो, हम बंजारों की बात मत पूछो आदि फिल्मी गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। बड़े तालाब के किनारे स्थित बोट क्लब में सुर-ताल के साथ पुलिस जवानों द्वारा बजाई जाने वाली देशप्रेम एवं राष?ट्रभक्ति पूर्ण गीतों की रोमांचक धुनों ने जन-मन में राष?ट्रप्रेम की भावना का संचार कर दिया और सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी।

## देशप्रेम से भरपूर धुनों की प्रस्तुति को सभी ने सराहा

'वर्दी का संगीत' कार्यक्रम के पहले दिन 20 जनवरी को भोपाल के डीबी मॉल में आयोजित कार्यक्रम में भी विभिन्न धुनों की प्रस्तुतियां दी गई। दोनों दिन पुलिस ब्रास बैंड में शामिल 35 सदस्यों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत धुनों और दर्शकों की मांग पर विभिन्न फिल्मी गीतों की लयबद्ध प्रस्तुति दी गई, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर उपस्थित नागरिक धुनों के बजने पर उत्साह से भर उठे। पुलिस ब्रास बैंड के सदस्यों द्वारा दी गई इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। ऍवर्दी का संगीतऍ कार्यक्रम के दोनों दिवस पुलिस ब्रास बैंड के निरीक्षक सुनील कटारे के मार्गदर्शन में बैंड का संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक मृत्युंजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## भगवान की प्रतिमा को सिर पर रख निकाली शोभायात्रा



न्यू मार्केट क्वालिटी रेस्टोरेंट शोभा यात्रा के साथ हनुमान राम मंदिर तक मंदिर के समितियां द्वारा भगवान की प्रतिमा को पैदल ले जाकर मंदिर में रखी प्रतिमाएं फोटो निर्मल व्यास

**मोबाइल पर गेम खेलने के दौरान दोस्ती, युवक से मिलने भोपाल से दिल्ली पहुंची युवती**

# लोकेशन के आधार पर पुलिस ने युवती को निजामुद्दीन से किया बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बिलखिरिया में रहने वाली एक युवती की मोबाइल पर गेम खेलने के दौरान उत्तर प्रदेश के युवक से दोस्ती हो गई। युवक के कहने पर युवती उससे मिलने के लिए दिल्ली पहुंच गई। इधर घर से गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर युवती को दिल्ली के निजामुद्दीन से बरामद कर लिया है। इस मामले में युवक के खिलाफ अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।**

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 18 वर्षीय युवती बारहवीं की पढ़ाई कर रही है। वह मोबाइल पर फ्री-फायर गेम खेलने की शौकीन है। गेम खेलने के दौरान उसकी दोस्त उत्तर प्रदेश के बरेली में रहने वाले अरान पठान उर्फ मुन्ना नामक युवक से हो गई। मुन्ना फिलहाल लुधियाना में रहता है और एक कपड़े की फैक्ट्री में काम करता है। दोस्ती होने के बाद अरान पठान ने युवती को मिलने के लिए दिल्ली बुलाया तो वह तैयार हो गई। बीती 16 जनवरी की रात को वह घर से बगैर बताए लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब युवती का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने देर रात थाने जाकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए युवती की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम बनाई गई।



## दिल्ली के निजामुद्दीन से बरामद हुई युवती

पुलिस टीम ने युवती के मोबाइल की लोकेशन निकाली तो वह दिल्ली की निकली। इसके बाद एक टीम दिल्ली के निजामुद्दीन पहुंची, जहां युवती और युवक अरान पठान मिल गए। पुलिस दोनों को लेकर वापस भोपाल लौट आई। पूछताछ के दौरान युवती ने बताया कि अरान ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी युवक अरान पठान के खिलाफ अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# होशंगाबाद रोड पर बारात में चल रहे व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित होशंगाबाद रोड पर सेलेस्टियन पार्क के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक युवक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में युवक को गंभीर चोट आई है। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार तेजी से बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुलदीप सारस्वत पिता द्वारका प्रसाद सारस्वत (40) पारस गुलाब वाटिका फेस-2 सीहोर में रहते हैं और पत्रकारिता करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होने सेलेस्टियल पार्क मिसरोद आया था। इस दौरान सेलेस्टियल पार्क मिसरोद पर 100 मीटर पहले लोहे की दुकान के पास वे बाथरूम करने पहुंचे और वहां से बारात के पीछे पीछे जाने लगे। इसी बीच सामने से आ रही बाइक के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर लाया और सामने से मुझे टक्कर मार दी। टक्कर से मेरे बांए पैर एवं हाथ मे चोट आई, बाइक बाला टक्कर मारकर भाग गया।

# पानी की गुमठी से हजारों की सिगरेट और पान मसाला चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी स्थित एक पान की गुमठी का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये की सिगरेट और पान मसाला चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कोलार रोड निवासी प्रवीण कुमार शुक्ला चूनाभट्टी स्थित मनोरिया अस्पताल के पास पान की गुमठी चलाते हैं। शनिवार की रात करीब साढें ग्यारह बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह पहुंचे तो गुमठी का ताला टूटा मिला और



अंदर रखे सिगरेट और पान मसाला के पैकेट गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है। हालांकि सही कीमत का खुलासा सामान का मिलान करने के बाद ही हो पाएगा। इधर कोलार थानांतर्गत महाबली नगर स्थित सचिन चौरसिया की दुकान का ताला तोड़कर चोर 21 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। सचिन शनिवार रात ग्यारह बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा मिला और गल्ले में रखी नकदी गायब थी। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आत्महत्या करने पहुंची युवती को पुलिस ने दी समझाइश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

श्यामला हिल्स स्थित शीतलदास की बगिया की सीढ़ियों पर बैठी एक युवती रो रही थी। उसे रोता और दुखी देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। युवती कोई घातक कदम उठा पाती, इसके पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे थाने लेकर आई।

पूछताछ में पता चला कि वह माता-पिता के झगड़ों को लेकर परेशान थी। इस पर पुलिस ने उसकी काउंसलिंग की और उसके बाद सकुशल परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सूचना मिली कि शीतलदास की बगिया में बड़े तालाब के किनारे सीढ़ियों पर बैठी एक युवती रो रही है। आशंका है कि वह परेशान है और पानी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर सकती है। सूचना मिलते ही चार्ली पर तैनात पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे लेकर थाने लौटे। पूछताछ करने पर पता चला कि 21 वर्षीय युवती पुराने शहर के कोतवाली इलाके की रहने वाली है। बीकाम की पढ़ाई करने के बाद वह प्रायवेट नौकरी करती है। घर में उसके माता-पिता आए दिन विवाद करते हैं, जिसको लेकर वह काफी परेशान चल रही थी। इन्हीं झगड़ों के कारण वह रविवार को गुस्से में घर से निकली और शीतलदास की बगिया पहुंच गई। पुलिस ने उसके परिजनों को थाने बुलाया और काउंसलिंग के बाद उसे परिजन के हवाले कर दिया।

# अचानक रिवर्स हुई जीप ने महिला समेत दो को मारी टक्कर, घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंगलवारा इलाके में अचानक रिवर्स हुई जीप ने एक महिला समेत दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फूलोबाई (50) भारत टाकीज चौराहे के पास फुटपाथ पर रहती है और बकरों के लिए पीपल की पत्ती बेचकर अपना गुजारा करती है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने सिर पर पत्तियों की पोटली रखकर सुल्तानिया अस्पताल की तरफ जा रही थी। भारत टाकीज चौराहे के पास चश्मे की दुकान के पास आगे चल रही जीप के चालक ने अचानक से




जीप को रिवर्स किया, जिससे जीप के पीछे चल रहे रंजीत सिलावट और उनके पीछे चल रही फूलोबाई घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद अस्पताल पहुंची मंगलवारा पुलिस ने महिला के बयान लेकर टक्कर मारने वाले जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अवैध शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

गांधी नगर पुलिस ने विकास नगर से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक आटो में लदी 310 क्वार्टर देशी शराब जब्त की गई है। आरोपी का नाम अफसर उर्फ कल्लू बताया गया है। जब्त हुई अवैध शराब की कीमत 28 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार निशातपुरा पुलिस ने कमल नगर के पास सपना कुचबंदिया को पकड़कर 6 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त की है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।




# विद्युत ट्रांसफार्मर से हजारों का ऑइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर में विद्युत ट्रांसफार्मर से हजारों रुपये का आयल चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक नित्य सेवा सोसायटी के पास लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से चोर आयल चोरी कर ले गए। चोरी गए आयल की कीमत 16 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने शिवशंकर आमरे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर छोला मंदिर थानांतर्गत उज्ज्वल सिटी कालोनी मालीखेड़ा स्थित नीरज सूरमा के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात, बर्तन, गैस सिलेंडर और भगवान का सिंहासन समेत करीब 20 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# आधा दर्जन स्थानों से दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी हो गए।



पुलिस के मुताबिक मोती मार्केट ऐशबाग से मोहम्मद इनायत, एमपी नगर जोन क्रमांक-2 से अविनाश और डीबी मॉल के सामने से मेघश्याम की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इसी प्रकार विजय मार्केट गोविंदपुरा से मनोज कुमार, गांधी मार्केट पिपलानी से कमल निवारिया, एम्स अस्पताल परिसर बागसेवनिया से मोहित सिंह और लखेरापुरा कोतवाली से रोहित दांगी की मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022